An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
बिहार सरकार का एक उपक्रम
वेबसाइट: www.bsbccl.bih.nic.in
BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.
An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
A Government of Bihar Undertaking
Website: www.bsbccl.bih.nic.in
Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513

पत्रांक : बी0एस0बी0सी0सी0एल0–98 / 2016–परामर्शी सेवा 3189 दिनांक : 19 / 12 / 2016

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा
प्रबंध निदेशक।

सेवा में,

उप महाप्रबंधक
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0
परियोजना कार्यान्वियन इकाई
सारण।

विषयः–माह नवम्बर, 2016 तक की समीक्षात्मक टिप्पणी।

महाशय,

माह नवम्बर, 2016 तक परियोजना कार्यान्वियन इकाई सारण के अन्तर्गत योजनाओं की निगम स्तर पर समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक टिप्पणी निम्नवत् है।

2. भौतिक प्रगति

(i) PHC to CHC उत्क्रमण का कार्यः

इस योजना के अन्तर्गत 24 अदद कार्य कराये जाने थे। इन में से 23 अदद कार्य पूर्ण किये जा चुके है। दरियापुर छपरा में कार्य की प्रगति 90% है। योजना को 31 दिसम्बर, 2016 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(ii) 550 परम्परिक गोदाम निर्माण की योजनाः

इस योजना के अन्तर्गत कुल 03 अदद गोदाम का निर्माण चालू वित्तीय वर्ष में कराया जा रहा है। इनमें से 01 अद्द आन्दर (सिवान) की योजना पूर्ण हो चुकी है। दरियापुर (छपरा) एवं हुसैनगंज (सिवान) की योजना की प्रगति 90% प्रतिवेदित है। योजना को 31 दिसम्बर, 2016 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(iii) 144 PEB गोदाम निर्माण योजना :

इस योजना के अन्तर्गत कुल 5+2=7 अद्द PEB गोदाम का निर्माण कार्य करना था। अब तक कोई भी योजना पूर्ण नहीं है। 03 अदद स्थलों पर योजना के प्रगति क्रमशः 95%, 17% ,तथा 16% प्रतिवेदित है। शेष 04 स्थलों पर काय्र प्रारम्भ नहीं किया गया हैं कार्य प्रारम्भ नहीं होने तथा प्रगति धीमी रहने के सम्बन्ध में एक प्रतिवेदन दें तथा कार्य में तेजी लाकर 31 मार्च, 2017 तक पूर्ण करें।

(iv) प्रेस क्लब का निर्माण कार्य :

इस योजना के अन्तर्गत कुल 02 अदद प्रेस क्लब के निर्माण कार्य की योजना का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। इन योजनाओं में से 01 अद्द योजना गोपालगंज का कार्य पूर्ण होने तथा 01 अद्द योजना छपरा की प्रगति 85% रहने की सूचना दी गयी है। योजना को 31 दिसम्बर, 2016 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(v) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की योजना :

इस योजना के अन्तर्गत कुल 02 अदद पशु चिकित्सालय का निर्माण किया जाना है। इन योजनाओं में से 01 अदद झखड़ा (छपरा) में योजना पूर्ण कर हस्तान्तरित कर दिया गया है तथा फलपुर सिवान में कार्य की प्रगति 50% प्रतिवेदित किया गया है। योजना को 31 दिसम्बर, 2016 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(vi) समाज कल्याण विभाग :

इसके अन्तर्गत 03 अदद पुराने भवनों का जीर्णोद्धार कर बुनियाद केन्द्र तैयार करना था। इसमें से 02 पूर्ण हो चुका है तथा 01 स्थल खाली नहीं रहने के कारण प्रारम्भ नहीं किया गया है।

(vii) कला, संस्कृति एवं युवा विभाग :

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की 02 अदद योजनाओं में से 01 अदद योजना एन0ओ0सी0 प्राप्त नहीं होने के कारण कार्यान्वयन अवरूद्ध है तथा 01 अदद योजना चिरान्द की प्रगति 55% प्रतिवेदित की गयी है।

(viii) अल्पसंख्यक कल्याण विभाग :

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा 03 अदद योजनाओं मे से सभी योजना प्रगति पर है। बड़हरिया सिवान 90%, इसलामिया उर्दू विद्यालय सिवान 90% तथा सहुली सिवान की प्रगति 70% प्रतिवेदित है। कार्य में तेजी लायें तथा योजना को शीघ्र पूरा करें।

माह सितम्बर, 2016 के समीक्षात्मक टिप्पणी में दिये गये निर्देश के अनुपालन में आपके द्वारा ATR भेजा गया है। किन्तु कोई अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है। कृपया पूर्ण कार्यों के तैयार अन्तिम विपत्र की सूची, राशि तथा तैयार टाईम की एक प्रति उपलब्ध कराया जाये।

2. वित्तीय प्रगति

परिक्षेत्राधीन कार्यान्वित कुल 21 अद्द योजनाओं के एकरारित राशि ₹18404.75 लाख के विरूद्ध 31 मार्च, 2017 तक ₹536.65 लाख का भुगतान किया गया है। अवशेष कार्य की राशि ₹2637.60 लाख के विरूद्ध इस वर्ष ₹706.92 लाख का भुगतान किया गया है। इस प्रकार आपकी वित्तीय प्रगति 26% अत्याधिक कम है।

3. पी0एम0आई0एस0 एवं प्रबंधन :

पी0एम0आई0एस0 पर आपकी सूचनाएँ अद्यतन पाई गयी। भविष्य में भी इसे अद्यतन रखा जाये।

4. मासिक लेख :

वर्ष 2016–17 का मासिक लेखा अद्यतन नहीं पाया गया। कृपया अद्यतन मासिक लेखा महाप्रबंधक (वित्त) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में पिछले MRN में आपको निदेशित किया जा चुका है।

5. गुण नियंत्रण :

आपके परिक्षेत्राधीन गुण नियंत्रण प्रयोगशाला पूर्व से स्थापित है किन्तु इस प्रयोगशाला में जाँच किये गये नमूनों का जाँच फल निगम को अब तक अप्राप्त है। अगले माह से प्रयोगशाला में जितने भी जाँच किये जाएँ उसके जाँचफल की एक प्रति महाप्रबंधक (गुण नियंत्रण) को उपलब्ध कराया जाये।

उपर्युक्त के परिपेक्ष्य में आपके परियोजना कार्यान्वयन इकाई का कार्य–कलाप सामान्य कहा जा सकता है। आपको संवेदनशील होने एवं योजनाओं का ससमय पूर्ण कराने के प्रयास करने की आवश्यकता है। व्यक्तिगत रूचि लेकर योजनाओं को शीघ्र पूरा कराना सुनिश्चित किया जाये।

विश्वासभाजन

17.12.16

(अमृत लाल मीणा)

ज्ञापांकः– 3189 दिनांकः– 19/12/2016

प्रतिलिपि : मुख्य महाप्रबंधक, सभी महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक सारण, परियोजना प्रबंधक, आई0टी0 मैनेजर, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

महाप्रबंधक (परामर्शी सेवा)